सं० सं०-3/सी०एस०/एम०-34/2021 ..1401......

बिहार सरकार

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग

प्रेषक,

संजय कुमार,
अपर मुख्य सचिव।

सेवा में,

सभी अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव,
जिलों के सभी प्रभारी सचिव,
सभी प्रमंडलीय आयुक्त,
सभी प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक,
सभी क्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षक,
सभी जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक

पटना-15, दिनांक-16/12/2021

विषय : माननीय मुख्यमंत्री की 'समाज सुधार यात्रा' के कार्यक्रम के संबंध में।

महाशया/महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में सूचित करना है कि माननीय मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा दिनांक-22.12.2021 से राज्य में 'समाज सुधार यात्रा' का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। यह यात्रा राज्य के 6 प्रमण्डलों के एक एक जिले में तथा तीन प्रमण्डलों यथा पटना, मुंगेर और तिरहुत के दो दो जिलों में निर्धारित है। प्रमण्डल के अन्य जिले चिन्हित जिलों के कार्यक्रमों में भाग लेंगें। इस दौरान भ्रमण के क्रम में माननीय मुख्यमंत्री की जन-सभा होगी एवं तदुपरान्त राज्य में चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की जायेगी। 'समाज सुधार यात्रा' का कार्यक्रम निम्नप्रकार है :-

भ्रमण तालिका

| क्रमांक | तिथि | सभा स्थल | जुड़ने वाले जिले |
|---|---|---|---|
| 1 | 22.12.2021 | मोतिहारी | पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण |
| 2 | 24.12.2021 | गोपालगंज | सिवान, सारण, गोपालगंज |
| 3 | 27.12.2021 | सासाराम | भोजपुर, रोहतास, बक्सर, कैमूर |
| 4 | 29.12.2021 | मुजफ्फरपुर | मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, वैशाली, शिवहर |
| 5 | 30.12.2021 | समस्तीपुर | दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर |
| 6 | 04.01.2022 | गया | गया, जहानाबाद, अरवल, नवादा, औरंगाबाद |
| 7 | 06.01.2022 | बेगूसराय | मुंगेर, बेगूसराय, शेखपुरा |
| 8 | 08.01.2022 | जमुई | जमुई, खगड़िया, लखीसराय |
| 9 | 11.01.2022 | पूर्णियाँ | पूर्णियाँ, कटिहार, अररिया, किशनगंज |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10 | 12.01.2022 | मधेपुरा | सहरसा, मधेपुरा, सुपौल |
| 11 | 13.01.2022 | भागलपुर | भागलपुर, बांका |
| 12 | 15.01.2022 | पटना | पटना, नालंदा |

02. माननीय मुख्यमंत्री, बिहार की जन-सभा में जिलों के जीविका-समूह की महिलाएँ भाग लेंगी, जिसमें राज्य में पूर्ण शराबबंदी अभियान, दहेज प्रथा उन्मूलन एवं बाल विवाह मुक्ति अभियान से संबंधित राज्य सरकार की महत्वपूर्ण नीतियों एवं निर्णयों पर केन्द्रीत विचार रखे जायेंगे। इन सभाओं में लाभुकों द्वारा भी अपने विचार रखे जायेंगे।

03. इन जन-सभाओं में मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, अपर मुख्य सचिव, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, सम्बन्धित जिले के प्रभारी सचिव एवं पुलिस महानिदेशक भाग लेंगें।

04. समीक्षात्मक बैठकों में निम्नांकित विन्दूओं पर समीक्षा की जाएगी :-

| क्र0 | विषय | विभागीय पदाधिकारी जो बैठक में भाग लेंगें। |
|---|---|---|
| i. | मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग से संबंधित कार्य। | अपर मुख्य सचिव, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग। |
| ii. | दहेज प्रथा उन्मूलन एवं बाल विवाह उन्मूलन कार्यक्रमों से संबंधित कृत कार्य। | अपर मुख्य सचिव, समाज कल्याण विभाग। |
| iii. | गृह विभाग से संबंधित कार्य। | अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग। |
| iv. | सतत् जीविकोपार्जन योजना संबंधी कार्य। | प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग |
| v. | हर घर नल का जल योजना के कार्य। | प्रधान सचिव, पंचायती राज विभाग एवं सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग |
| vi. | पक्की नाली-गली योजना के कार्य। | प्रधान सचिव, पंचायती राज विभाग एवं सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग |
| vii. | लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान-2 के तहत् निर्मित शौचालय संबंधी कार्य। | प्रधान सचिव, पंचायती राज विभाग एवं सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग |
| viii. | धान की अधिप्राप्ति। | सचिव, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग एवं सचिव, सहकारिता विभाग। |

05. 'समाज सुधार यात्रा' की समीक्षात्मक बैठक में संबंधित जिले के जनप्रतिनिधियों यथा प्रभारी मंत्री, जिले के निवासी मंत्री तथा मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के मा0 मंत्री उपस्थित रहेंगें। जिला पदाधिकारी द्वारा इन महानुभावों से समीक्षा बैठक में उपस्थित रहने हेतु अनुरोध किया जाय। इसके अतिरिक्त समीक्षात्मक बैठक के लिए निर्धारित विषयों से संबंधित विभागों के माननीय मंत्रीगण इस बैठक में वी0सी0 के माध्यम से जुड़ेंगे। इन समीक्षात्मक बैठकों में स्थानीय सांसद, स्थानीय विधायक, स्थानीय पार्षद स्वेच्छा से भाग ले सकेंगें, परन्तु बैठक की विषय-वस्तु कंडिका-4 में उल्लेखित विन्दुओं पर ही सीमीत रहेगी।

06. सम्बन्धित जिला पदाधिकारी आयोजित जन-सभा के कार्यक्रम हेतु सुरक्षा एवं सौजन्य की दृष्टि से उपयुक्त स्थल का चयन कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करेंगें।

अतः अनुरोध है कि 'समाज सुधार यात्रा' के दौरान इन आयोजनों एवं समीक्षा बैठकों में सभी संबंधित पदाधिकारीगण पूर्ण तैयारी के साथ ससमय उपस्थित रहने की कृपा करेंगें।

अनुलग्नक- समीक्षात्मक बैठक से संबंधित समीक्षा
के विन्दुओं का फार्मेट इस पत्र के साथ संलग्न है।

विश्वासभाजन

16/12/2021
(संजय कुमार)
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांक-3/सी0एस0/एम0-34/2021 ...1401.../पटना-15, दिनांक-16/12/2021

प्रतिलिपि-मुख्य सचिव, बिहार / पुलिस महानिदेशक, बिहार के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। कृपया उक्त तिथियों को कार्यक्रमों में सम्मिलित होने के लिए अवगत कराने की कृपा की जाय।

16/12/2021
(संजय कुमार)
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांक-3/सी0एस0/एम0-34/2021 ...1401.../पटना-15, दिनांक-16/12/2021

प्रतिलिपि-विकास आयुक्त, बिहार के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

16/12/2021
(संजय कुमार)
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांक-3/सी0एस0/एम0-34/2021 ...1401.../पटना-15, दिनांक-16/12/2021

प्रतिलिपि-सभी माननीय प्रभारी मंत्रीगण एवं जिला के निवासी सभी माननीय मंत्रीगण के आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुरोध है कि माननीय मंत्रीगण को अवगत कराने की कृपा की जाय।

16/12/2021
(संजय कुमार)
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांक-3/सी0एस0/एम0-34/2021 ...1401.../पटना-15, दिनांक-16/12/2021

प्रतिलिपि-मुख्यमंत्री, बिहार के प्रधान सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित

16/12/2021
(संजय कुमार)
अपर मुख्य सचिव

E:\Kamlesh\Samaj Sudhar Yatra\Sudhar Yatra.doc

ज्ञापांक-3/सी0एस0/एम0-34/2021 ....1401...../पटना-15, दिनांक-16/12/2021

प्रतिलिपि-मुख्यमंत्री, बिहार के सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

16/12/2021

(संजय कुमार)

अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांक-3/सी0एस0/एम0-34/2021 ..1401......./पटना-15, दिनांक-16/12/2021

प्रतिलिपि-आई0 टी0 मैनेजर, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

16/12/2021

(संजय कुमार)

अपर मुख्य सचिव